# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशारोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई– मेल :–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट :–https://snpv.ac.in


क्रमांक 2471 /E/परीक्षा–गोपनीय/2025 रायगढ़, दिनांक 29/05/2025

## –:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय के विनियम क्रमांक 20 एवं 21 के कंडिका 16 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों शैक्षणिक सत्र 2024–25 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक स्तर में प्रवेशित छात्रों हेतु पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था समाप्त करते हुये CHALLENGED EVALUATION की व्यवस्था की गयी है, जिसकी प्रक्रिया निम्नानुसार है:–

**Step 1:**

- ऐसे छात्र जिनका सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी हो चुका है, तथा जिन्होंने पुनर्गणना हेतु आवेदन किया है पुनर्गणना परिणाम जारी होने के पश्चात् परिणाम से असंतुष्ट छात्र को यदि यह प्रतीत होता है, कि उसके अंक में 10% से अधिक की वृद्धि हो रही है तब छात्र सेमेस्टर परीक्षा के पुनर्गणना परिणाम जारी होने के 10 दिवस के भीतर निर्धारित शुल्क रूपये 2000/–(रूपये दो हजार) प्रति विषय की उत्तर पुस्तिका की दर से वि.वि. कोष में जमा कर CHALLENGED EVALUATION हेतु आवेदन ऑनलाईन/ऑफ लाईन माध्यम से कर सकते हैं।

**Step 2:**

- उपरोक्तानुसार बिन्दु क्रमांक 01 में उल्लेखित विषयों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दो विशेषज्ञों की समिति गठित कर उत्तर पुस्तिकाओं का चैलेंज्ड वेल्यूशन किया जावेगा।
- दो विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदाय किये गये औसत अंक, कुल प्राप्तांक के 10% से अधिक होने के स्थिति में दोनों विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रदत्त औसत अंक को अंतिम रूप से मान्य किया जावेगा।
- यदि दोनों विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रदत्त औसत अंक, छात्र को प्राप्त अंक 10% अथवा कम हो तब छात्र के अंक में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदत्त औसत अंक के अनुसार कमी की जावेगी।
- विश्वविद्यालय उपरोक्तानुसार वांछित विषयों की उत्तर पुस्तिका संबंधित छात्र को इलेक्ट्रानिक माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध करायेगी।
- आवेदन एक से अधिक विषयों में किया जा सकता है।

आदेशानुसार
कुलसचिव

क्रमांक 2472/E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनांक 29/05/2025

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रधान सचिव राजभवन, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर का सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
4. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ को सादर सूचनार्थ।
5. विभागाध्यक्ष/प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
6. प्रभारी अधिकारी (परीक्षा), शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
7. विश्वविद्यालय सूचना पटल/वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. कार्यालयीन प्रति।

प्रभारी अधिकारी (गोपनीय)